एक नजर में



## कैट के कोर मेम्बर राजीव जैन सम्मानित

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर कोर मेम्बर राजीव जैन को बैंकिंग व्यवसाय में उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। गत दिवस पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम में भोपाल से पधारे जतिन्दर मनकोटिया जोनल हैड म.प्र. एवं ग्वालियर सर्किल हैड नवनीत कुमार ने उन्हें शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि राजीव जैन ने पंजाब नेशनल बैंक रिटेल लोन काउंसलर के रूप में सराहनीय कार्य किया और सबसे ज्यादा लीड होम लोन की उनके द्वारा उपलब्ध कराई गईं एवं बिजनेस भी बढ़ाकर दिया है। पूर्व में भी उन्हें ट्रॉफी प्राप्त हो चुकी है। वर्ष 24-25 के लिए उन्हें 11 सितम्बर को सम्मानित किया गया। कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन संभागीय अध्यक्ष दीपक पमनानी, संभागीय महामंत्री मुकेश जैन, यूथ विंग प्रदेश प्रभारी आकाश जैन, जिला संयोजक दिलीप पंजवानी, जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता, महामंत्री विवेक जैन, कोषाध्यक्ष मयूर गर्ग, प्रवक्ता नीरज चौरसिया, अंशुल गुप्ता, संगठन मंत्री हरिओम चौरसिया ने बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि राजीव जैन बैंकिंग व्यवसाय में देशभर में उत्कृष्ट कीर्तिमान बनायेंगे।

## ग्वालियर से होगी अग्रवैश्य जनजागृति अभियान की शुरुआत

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** अग्रवैश्य समाज को संगठित करने और सामाजिक एकता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन द्वारा 29 सितम्बर से अग्रवैश्य जनजागृति अभियान की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान का शुभारंभ दोपहर 3 बजे सिटी प्लाजा, ग्वालियर से होगा। इस अवसर पर सम्मेलन के संयोजक राजेश ऐरन ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक परिवार को जोड़कर उनकी जानकारी को एक परिचय पत्र सदस्यता के रूप में संकलित करना है। यह सदस्यता पूरी तरह निशुल्क रहेगी और इससे समाज की एकजुटता को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज व्यापार की पहचान वाला समाज है, और यही कारण है कि हिंदुस्तान के हर गांव में अग्रवैश्य परिवार अवश्य मिलते हैं। हम चाहते हैं कि हर घर को जोड़कर समाज की शक्ति को एक मंच पर लाया जाए। अभियान की शुरुआत में चम्बल संभाग के 10,000 परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सम्मेलन के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर अग्रबन्धुओं को सदस्यता दिलाएंगे।



## वृक्षारोपण में ग्वालियर का पदमा विद्यालय प्रदेश में प्रथम

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पूरे देश में पौधारोपण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों के द्वारा विद्यालय प्रांगण, घर और अपने आसपास उपलब्ध खाली भूमि पर पौधारोपण किया जा रहा है। विशेष बात यह है कि वृक्षारोपण करते हुए उसकी फोटो शासन के वायुदूत ऐप पर अपलोड भी करना होता है। शिक्षा विभाग के पोर्टल पर विद्यालय के द्वारा लगाए गए पौधों की संख्या भी प्रदर्शित की जा रही है। शहर के प्रतिष्ठित सांदीपनि पद्मा विद्यालय के प्राचार्य रवींद्र शर्मा के नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्राओं द्वारा बढ़ी संख्या में पौधारोपण किया जा रहा है। पोर्टल पर जारी सूची के अनुसार पिछले कुछ दिनों से पद्मा विद्यालय इस अभियान में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान पर बना हुआ है। इस अभियान के तहत अभी तक विद्यालय द्वारा लगभग 4000 पौधे लगाए जा चुके हैं। यह अभियान 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा। प्राचार्य रवींद्र शर्मा एवं नोडल टीचर राम केशव राठौर द्वारा छात्राओं को और अधिक पौधे लगाने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। विद्यालय का लक्ष्य 5000 पौधे लगाने का है।



## उपायुक्त ने ली स्वास्थ्य अमले की बैठक

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** दीपावली व अन्य त्योहारों को देखते हुए शहर की साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त रहे इसको लेकर उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता ने बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव, सभी स्वास्थ्य अधिकारी, एफसीटीएस प्रभारी एवं डोर टू डोर सुपरवाइजर उपस्थित रहे। बालभवन के टीएलसी कक्ष में आयोजित बैठक में उपायुक्त गुप्ता ने शहर की साफ सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक ली तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी समय में लगातार त्यौहार रहेंगे तथा दीपावली भी आ रही है। इसलिए सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक घर से समय से कचरा कलेक्शन किया जाए।

## गांधी प्राणी उद्यान में फल एवं सब्जी सप्लाई करने वाले ठेकेदार को नोटिस

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** गांधी प्राणी में वन्य प्राणियों हेतु प्रतिदिन समय पर फल-भाजी की सप्लाई न करने पर ठेकेदार मै. अखिल कुमार सोनकर को दिए गए नोटिस के उपरांत समय पर फल भाजी सप्लाई नहीं करने पर भुगतान काटने की कार्यवाही की गई। प्रभारी गांधी प्राणी उद्यान डॉ. उपेन्द्र यादव ने बताया कि गांधी प्राणी उद्यान, चिड़ियाघर में आपका ठेका वन्यप्राणियों को समय पर फल-भाजी मांग अनुसार प्रतिदिन सप्लाई करने हेतु स्वीकृत किया गया है। उपायुक्त के औचक निरीक्षण में फल-भाजी समय पर सप्लाई न करने के कारण आपकों नोटिस देकर निर्देशित किया गया था कि आप प्रातः 09:00 बजे तक वन्यप्राणियों हेतु सब्जी-भाजी सप्लाई करें। इसके बाद भी समय पर फल एवं सब्जी सप्लाई नहीं की गई, जिस कारण वन्य प्राणियों को समय पर भोजन प्रदाय नहीं हो सका। जिस कारण आज फल-भाजी की सप्लाई को शून्य मानकर भुगतान काटने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही पुनः निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन समय पर प्रातः 09:00 बजे तक सप्लाई करें अन्यथा आपके ठेके के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।



## पीएम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाया स्वच्छता अभियान

ग्वालियर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाए जाने के निमित संत रविदास मंडल द्वारा भूतेश्वर मंदिर वार्ड-2 में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से अभियान की टोली के सदस्य बिरजू शिवहरे उपस्थित रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लवी प्रकाश खंडेलवाल ने की। इस दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन विट्वेकर, गिरीश इंदापुरकर, पीताम्बर तोमर, मन सिंह राजपूत, सतीश खटीक, राकेश रायजादा, सोनू राजपूत, शशि शर्मा, चंदू सेन, राजू बघेल, आशा कौरव, गीता सिकरवार, घनश्याम सेन, लाल सिंह पाल, वीर सिंह राजपूत, राजू यादव, सुनील शर्मा, विनोद सिसोदिया, दीपांशु प्रधान आदि समस्त बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। संचालन अभियान के मंडल संयोजक डॉ. ब्रज किशोर राठौड़ एवं आभार पार्षद सुरेन्द्र चौहान ने किया।

सिंधिया, तोमर बोले शहर की सड़कों की हालात खराब

# सांसद कुशवाह ने बताया बरसात का प्रभाव

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** शहर में चेतकपुरी की सड़क जब से घसकी हैं तब से ग्वालियर की सडके स्थानीय से लेकर प्रदेश और देश की मीडिया की सुर्खियां बनी हुई है। बिगत दिवस केंद्रिया मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जब शहर आये तो उन्होंने भी शहर की सड़कों की दुर्दशा देखकर कहा कि सड़कों की हालत तो बाकई बहुत खराब है। इससे पहले ऊर्जा मंत्री ने भी मुख्यमंत्री के सामने ग्वालियर की बदहाल सड़कों का मुद्दा बड़े जोर-शोर से उठाया था। उधर शहर की सड़कों को लेकर जब स्थानीय सांसद भारत सिंह कुशवाह से मीडिया ने बात की तो उन्होंने सड़कों की बदहाली का कारण शहर में हुई जोरदार बारिश बताया। इस मुद्दे पर शहर के लोगों का क्या सोचना है इसको लेकर नव भारत ने लोगों से बातचीत की तो उन्होंने इसे आपसी खिंचतन एक बड़ा करण बताया साथ ही कुछ लोगों ने प्रशासन और नगर निगम को इसके लिए दोषी माना।

**जनता बोली आपसी खिंचतान में नर्क बना ग्वालियर**

### लोंगों ने कहा...

केंद्रिया मंत्री सिंधिया और ऊर्जा मंत्री शहर की चिंता कर रहे हैं। इसीलिए खुद की सरकर होने के बावजूद उन्होंने शहर के लोगों को हो रही परेशानियों के संबंध में मुद्दा उठाया। सांसद आखिरकर अधिकारियों को क्यों बचाना चाहते हैं यह समझ में नहीं ए रहा शहर की सडकें सिर्फ पानी से नहीं बालकी अफसरों की उड़ासिनता के करण भी खराब है।



**दीपक कुमार**

सांसद का तर्क कुछ हद तक सही हो सकता है लेकिन पुरी तरह नहीं ग्वालियर के प्रत्येक नागरिक को यह पता है की भले ही हमारा शहर महानगर की तरफ अग्रसर हो लेकिन सड़कों की हालात किसी कस्बे से भी बदतर है।



**देवेन्द्र शर्मा**

जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वह लोगों की समस्याओं को हल भी करवाए। सड़कों की हालत बेहद खराब तो हैं। उम्मीद हैं मीडिया में मुद्दा उठने के बाद सदके अच्छी होगी।

**आलोक दुबे**



मैं मंत्री और सांसद के द्वारा की गई टिप्पणियों पर तो कुछ नहीं कहूंगा लेकिन इतना जरुर कहूंगा की जिन लोगों ने जनता से विकास के मुद्दों पर वोट मांगा था उन्हें न सिर्फ जनता की आवाज उठानी चाहिए वल्कि उनकी समस्याओं का हल भी उन्हें कराना चाहिए।

**अमित गौतम**



स्थानीय सांसद कुछ नहीं कर पा रहे हैं, ग्वालियर के लिए यदि कोई कुछ कर सकता है तो वह सिर्फ ज्योतिरादित सिंधिया हैं लेकिन उन्हें बार-बार ग्वालियर से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ ऐसे नेता भी हैं जो अपने ही मंत्री के बरे में गलत टिपपनियां कर रहे हैं। इससे आपसी गुटबाजी जाहिर हो रही है। निश्चित तौर पर इसका फायदा अफसर उठा रहे हैं यही कारण हैं कि सड़कों की हालात खराब और ग्वालियर का विकास अनिरुद्ध है।

**सुरोचित बोहरे**

## 23 को कृमि मुक्ति दिवस, दिया जा रहा प्रशिक्षण

**ग्वालियर।** कृमि मुक्ति दिवस 23 सितम्बर को मनाया जाएगा जिसमें 1 वर्ष से 19 साल के बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जायेगी जिससे 23 सितम्बर को प्रथम दिवस आंगनवाड़ी , केन्द्र एवं शासकीय स्कूलों / अशासकीय स्कूल, मदरसे, अनुसूचित जाति जनजाति प छात्रावास एवं जो स्कूल नहीं जा पा रहे हैं उन सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल टैबलेट शासन द्वारा निर्धारित खुराक अनुसार दी जाएगी। छूटे हुए बच्चों को 26 सितंबर को माप अप दिवस पर गोली खिलाई जाएगी, इस हेतु प्रशिक्षण स्कूल शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा है। कार्यक्रम के लिए बाल भवन में शिक्षकों को प्रशिक्षण जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.आर.के. गुप्ता, डीसीएम एम.एस. खान , एएसओ हुकुम सिंह राजेश व रजनीश ने दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला ग्वालियर डॉक्टर सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि कृमि संक्रमण के कारण बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास में अवरुद्ध हो सकता है इसलिए प्रत्येक नागरिक को कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर अपने बच्चों को एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलवानी चाहिए।



# लायंस सेवा सप्ताह 4 से , होंगे कई कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** लायंस इंटरनेशनल का सेवा सप्ताह सभी क्लब के द्वारा उत्साह से मनाया जायेगा। इस वर्ष प्रांत पाल ग्वालियर से ही है इसलिए ग्वालियर के सभी क्लब बहुत ही उत्साह से सेवा कार्य करने को प्रेरित है। ( सेवाअंकुर )सेवा सप्ताह की बैठक सेवा सप्ताह के चेअरपर्सन अजय सपरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। ये सेवा सप्ताह पेट्रोन (संरक्षक)प्रांतपाल सुधीर बाजपेई,पी डी जी विकास गंगवाल, नितीन मांगलिक,राजेश बनबारी के सानिध्य से सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में आर सी सुमन मदान, प्रान्त प्रथम महिला किरण बाजपेई ,जे एस गुप्ता,शिवशंकर अग्रवाल,होस्ट क्लब अध्यक्ष संजय नीखरा, विवेक सेठी, , नीलम अग्रवाल, दीपिका जैन,, अभिषेक बाजपेई,वंदना जाजू, रजनी अग्रवाल आदि उपस्थित रहें।

### यह कार्यक्रम होंगे

4 अक्टूबर को भावनात्मक, मानसिक और सामाजिक जागरूकता कल्याण पर कार्यक्रम, 5 अक्टूबर कैंसर जागरूकता कार्यक्रम,6अक्टूबर पशु एवं पक्षी सेवा दिवस,7अक्टूबर योग और ध्यान के माध्यम से तनाव एवं चिंता से मुक्ति,8अक्टूबर को पीस पोस्टर प्रतियोगिता एक साथ हम,9अक्टूबर अन्नपूर्णा भोजन प्रसादी वितरण,10अक्टूबर को विशेष सक्षम व्यक्तियों की सहायता,11 अक्टूबर मधुमेह जागरूकता,12 अक्टूबर शानदार अवॉर्ड नाइट।

## ग्वालियर-कैलारस ट्रेन में टिकट चैकिंग अभियान



**ग्वालियर 18 सितम्बर.** ग्वालियर से कैलारस पर बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम के लिए टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के निर्देश में तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस विशेष जांच अभियान के अंतर्गत टिकट चेकिंग स्टाफ एवं रेल सुरक्षा बल की टीमों द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर जांच की गई। यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने की जागरूकता बढ़ाने हेतु यह कार्रवाई प्रभावशाली रही। अभियान के दौरान कुल 27 मामलों में बिना टिकट यात्रा करते पाए गए यात्रियों से कुल 7165/- का जुर्माना कर रेल राजस्व में वृद्धि की गई। इस जांच अभियान में सहायक वाणिज्य प्रबंधक आर.के.वर्मा, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक रूप सिंह मीणा चेकिंग स्टाफ धर्म राज मीणा, राम दयाल मीणा एवं दौलत राम मीणा साथ ही रेल सुरक्षा बल (ग्वालियर) के जवान उपस्थित रहे।

# माँ शेरावाली की मूर्तियां तैयार 22 से होगी आराधना

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** जगत जननी मां दुर्गा की आराधना का पर्व नवदुर्गा महोत्सव 22 सितंबर से शुरू होगा। नवदुर्गा पर शहर के कलाकारों की मूर्तियों की डिमांड अन्य राज्यों से भी आई हैं। शहर के कलाकार ग्वालियर के अलावा दिल्ली, आगरा, झांसी, भिंड आदि शहरों के लिए भी तेजी से प्रतिमाएं तैयार करने में लगे हुए हैं। स्थानीय कलाकार तेजी से दुर्गा प्रतिमा तैयार कर रहे हैं। शहर में लश्कर,

**धौलपुर-झांसी से भी आई डिमांड, मौसम ने बढ़ाई चिंत**

मुरार, उपनगर ग्वालियर सहित कई स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। वहीं नवदुर्गा महोत्सव के चलते शहर के मंदिरों की साफ-सफाई और रंग-रोगन का काम भी शुरू हो गया है। मूर्तियों को बनाने के लिए झांसी और कोलकाता के कलाकार भी ग्वालियर आए हैं। यह कलाकार तेजी से देवी की प्रतिमाएं तैयार करने में लगे हुए हैं। ऑर्डर के हिसाब से कलाकार 10 से 15 फीट तक की देवी प्रतिमाएं तैयार करने में लगे हुए हैं।

**ड्रायर से सुखाई जा रहीं मूर्तियां, जल्द होगा श्रृंगार**

इस साल लगातार हो रही बारिश के चलते प्रतिमाएं सूखने में देरी न हो इसके चलते शहर के मूर्तिकारों द्वारा माताओं की प्रतिमाओं को जल्द तैयार करने के लिए ड्रायर से सुखाया जा रहा है। दुर्गा प्रतिमाएं बनाने वाले नई सड़क के मूर्तिकारों धनीराम प्रजापति का कहना है कि हर सीजन में एक कलाकार करीब 40 से 50 प्रतिमाएं तैयार करता है। वहीं इस साल कच्चा मटेरियल महंगा होने के कारण मूर्ति महंगी हो गई हैं लेकिन इन्हें स्थापित करने वाले दाम देने से नहीं कतरा रहे हैं। बीती रात शुरू हुई बारिश ने कलाकारों की चिंता बढ़ा दी थी। लेकिन सुबह सूर्य देव ने कलाकारों के चेहरे पर मुस्कान खिला दी। जो प्रतिमाएं शहर के बाहर जानी हैं उन प्रतिमाओं को ड्रायर की मदद से सुखाया जा रहा है। सूखने के बाद इन प्रतिमाओं को फाइनल टच दिया जाएगा और इन्हें रवाना कर दिया जाएगा।



**प्रतिमाएं तैयार करने में कई जगह कलाकार लगे हैं दिन-रात**

देवी प्रतिमाएं तैयार करने के लिए मूर्तिकार दिन-रात लगे हुए हैं। नवदुर्गा में फिलहाल 4 दिन शेष हैं। हैं। ऐसे में कलाकार प्रतिमाओं को तेजी से तैयार करने में लग गए हैं। प्रतिमाओं को तैयार करने में कलाकारों का पूरा परिवार जुटा हुआ है। वहीं नवदुर्गा महोत्सव का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए युवाओं की टोलियां भी जुट गई हैं। शहर के चौराहों से लेकर गली-मोहल्लों में युवाओं के अलावा व्यापारियों द्वारा प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं, शहरभर में इस साल एक हजार से ज्यादा प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। शहर में करीब 32 मूर्तिकार हैं जो त्योहारों के लिए मूर्तियां तैयार करते हैं। फिलहाल इन कलाकारों के पास नया ऑर्डर लेने का टाइम भी नहीं है।

## प्रकृति पूजा ही वास्तविक गोवर्धन पूजा है : वदाति

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** 745 संत शहीद हुतात्मा आत्माओं के लिए पितृपक्ष में श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ में सिद्धपीठ श्री गंगा दास जी की साला में श्राद्ध पक्ष माह के अबसर पर पूरन बैराठी पीठाधीश्वर स्वामी राम सेवक दास जी महाराज के पावन सानिध्य में श्रीमद भागवत कथा में संत श्री रघुवीर दास जी ने गोवर्धन पूजा की कथा के माध्यम से प्रकर्ति पूजा का संदेस दिया उन्होंने कहा की हमें प्रकृति की रक्षा करना चाहिए आज हम सब प्रकृति से छेड़ छाड़ कर रहे है इसलिए आज प्रकृति भी बिपरीत होती जा रही है इस लिए प्रभु ने गोबर्धन पर्वत की पूजा करा कर जन मानुस को यह संदेस दिया की हमें प्रकृति की पूजा एवं रक्षा करना चाहिए ओर हर किसी को जीवन में वृक्ष जरूर लगाना चाहिए कथा में प्रभु की बाल लीला माखन चोरी लीला के माध्यम से समस्त भक्तो को आनंद प्राप्त हुआ.

# छात्र अपने विचारों को सीमित न रखें, वैश्विक दृष्टि विकसित करें : डॉ. सत्यानंद कर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में महान इंजीनियर भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया की जयंती एवं इंजीनियर्स-डे के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल ऑफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 'इनोवेट, इंटीग्रेट, इंस्पायर: इंजीनियरिंग ए बेटर वर्ल्ड' विषय पर विशेष व्याख्यान हुआ। जहां मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सत्यानंद कर (आईआईटी दिल्ली) शामिल हुए। वहीं अध्यक्षता आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय ने की। इस अवसर परइलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की प्रमुख डॉ. संपूर्णा पांडा, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रोफेसर मुकेश पांडे, डीन अकेडमिक प्रोफेसर रंजीत सिंह तोमर, असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक सक्सेना, उपेंद्र भूषण, नीरज पांडे, मोहितदेश पांडे, विशाल सिंह परिहार, सुमित शर्मासहित विभिन्न प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।

**आईटीएम में 'इनोवेट, इंटीग्रेट, इंस्पायर : इंजीनियरिंग ए बेटर वर्ल्ड' विषय पर कार्यक्रम आयोजित**



मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सत्यानंद कर ने कहा कि वर्तमान समय में इंजीनियरिंग केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अंतरविषयी सहयोग, सामाजिक चेतना, और स्थायित्वपूर्ण समाधान के प्रति प्रतिबद्धता की मांग करती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने विचारों को सीमित न रखें, बल्कि समस्या-समाधान की वैश्विक दृष्टि विकसित करें और हमेशा नवाचार, समावेशन और नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता देते हुए कार्य करें।

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान युग में तकनीकी शिक्षा का लक्ष्य केवल ज्ञान का हस्तांतरण नहीं, बल्कि सृजनात्मकता, अनुसंधान क्षमता और समाजोपयोगी सोच को विकसित करना होना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से एआई का उल्लेख करते हुए इसे आधुनिक शिक्षा और प्रौद्योगिकी के भविष्य का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को यह संदेश दिया कि एआई जैसी शक्तिशाली तकनीकों का प्रयोग करते समय नैतिकता, जिम्मेदारी और विवेक का पालन अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि तकनीक को केवल उपयोग की वस्तु न समझें, उसे मानवता के कल्याण का माध्यम बनाएं। जो ज्ञान समाज को जोड़ता है, वही सच्चा नवाचार है।

### विजेता छात्र-छात्राओं पुरस्कार प्रदान किए गए

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में इंजीनियर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 12 सितंबर से 15 सितंबर तक आयोजित की गई विभिन्न तकनीकी और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार, प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। वहीं इस कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर संजय जैन द्वारा आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का भी शुभारंभ किया गया। वहीं कार्यक्रम का समापन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रोफेसर मुकेश पांडे द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।



# वन बंधु महिला समिति ने दिखाई परम सुंदरी पिक्चर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** वन बंधु महिला समिति द्वारा मंगलवार को डी. बी. मॉल में परम सुंदरी पिक्चर दिखाई गयी. इसका मुख्य उद्देश्य सभी बहनों को आपस में जोड़े रखना है जितना मिलेंगे काम करने में उतनी ही उत्सुकता बनी रहेगी. लगभग 40 सदस्यों ने फिल्म का लुत्फ उठाया.

साथ ही सेवा कार्य किया गया जिसमें सभी बहनों ने वनवासी बच्चों की सहायतार्थ स्वेच्छा से दान का कार्य किया. इस समय श्राद्ध पक्ष भी चल रहा है और शिक्षा से बड़ा कोई और दान नहीं है. इस प्रक्रिया को पूर्ण रूप देने में लेखिता सिंघल और नीलम गर्ग की सक्रिय भूमिका रही.

सचिव उषा सोमानी ने बताया की इस तरह के कार्यक्रम करने से सदस्यों में एक नई ऊर्जा का विकास होता है जो संस्था को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होता है. उन्होंने बताया कि बहुत जल्दी ही वन यात्रा की योजना बनाई जाएगी.

# जीवायएमसी क्लब में आयोजित किया गया यादें कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 सितम्बर.** सेवा में रहते और सेवानिर्वत्त होने के बाद भी लगातार समाज की सेवा करना ही एक मिसाल है ,

यह कहना था ग्वालियर के जीवायएमसी क्लब में अलख-- सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित रिटायर्ड डीएसपी हाजी ए के खान की दूसरी बरसी ( पुण्यतिथि )के मौके पर अतिथि के रूप में पहुँचे ग्वालियर लश्कर पूर्व के विधायक डॉ सतीश सिकरवार का.दरअसल रिटायर्ड डीएसपी हाजी अब्दुल करीम ( एक के खान ) जिनका 18 सितंबर के दिन ही इंतकाल हो गया था। गुरुवार को उनकी दूसरी बरसी के मौके पर उनको याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान शहर के तमाम गणमान्य नागरिक, समाजसेवी राजनैतिक हस्ती, सहित परिवार के लोग शामिल रहे। जिनमें ग्वालियर पूर्व विधानसभा से विधायक डॉ सतीश सिकरवार, चैबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीन अध्यक्ष, पूर्व डीन डॉ अशोक मिश्रा, सेवानिर्वत्त जिला न्यायधीश श्याम बिहारी भार्गव, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंह भदौरिया, डॉ निरुपम गुप्ता, एडवोकेट दीपक गुप्ता अरूसिया, हाजी लियाकत खान, मुफ़्ती जफ़र नूरी, जाने माने शायर काजी तनवीर,पूर्व संभागीय आयुक्त बी एम शर्मा, एसपी लोकायुक्त निरंजन शर्मा, संजय शर्मा ( महलगांव), शायर आमिर फारूखी, मौजूद रहे। इस दौरान शहर के अलग अलग कक्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान किया गया जिनमें मुफ़्ती जफ़र नूरी , फसी उज़्ज़मा, मुफ़्ती राशिद अहमद, डॉ अशोक मिश्रा, काजी तनवीर आदि शामिल थे।' प्रोग्राम यादें ' के नाम से हुए इस कार्यक्रम का संचालन प्रख्यात कवि और हास्य कलाकार अमित चितवन ने किया । वहीं जावेद खान ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया ।

**सेवा में रहते और सेवानिर्वत्त होने के बाद भी लगातार समाज की सेवा करना एक मिसाल है : सतीश सिकरवार**

